# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
# झाँसी

## प्रशासकीय परिषद की 34वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 34 वीं |
| माध्यम | : | वीडियो कॉंफ्रेसिंग/ जूम मीटिंग |
| दिनांक | : | 29 दिसम्बर, 2020 |
| समय | : | अपरान्ह 03.00 बजे |

# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी
# की
# प्रशासकीय परिषद की 34वीं बैठक का कार्यवृत्त

बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की 34 वीं बैठक आज दिनांक 29.12.2020 को अपराह्न 11.30 बजे माननीय अध्यक्ष, इं0 राकेश गुप्ता, झाँसी की अध्यक्षता मे वीडियो कॉंफ्रेसिंग/ जूम मीटिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | इं0 राकेश गुप्ता<br>37/02, सिविल लाइन्स<br>झाँसी। | ........... | अध्यक्ष |
| 2. | मा0 एस0राधा चौहान<br>अपर मुख्य सचिव<br>प्राविधिक शिक्षा,<br>उ0 प्र0 शासन,<br>लखनऊ। | ........... | उपाध्यक्ष |
| 3. | मा0 प्रो0 विनय कुमार पाठक<br>कुलपति<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ। | ........... | सदस्य |
| 4. | प्रो0 मनोरंजन परिदा<br>उप निदेशक<br>आई0आई0टी0,<br>रुड़की | ........... | सदस्य(प्रतिनिधि, निदेशक, आईआईटी, रुड़की) |
| 5. | इं0 मनोज कुमार<br>निदेशक<br>प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0,<br>कानपुर । | ........... | सदस्य |
| 6. | प्रो0 शिशिर सिन्हा<br>प्रोफेसर एवं हेड, कैमिकल इंजी0 विभाग<br>आई0आई0टी0,<br>रुड़की। | ........... | सदस्य |
| 7. | प्रो0 रचना अस्थाना<br>निदेशक<br>ए0आइ0टी0एच0<br>कानपुर। | ........... | सदस्य |

8. प्रो० एस० के० अवस्थी ........... सदस्य
पूर्व निदेशक
बीआईईटी, झाँसी
9. प्रो० एस.पी. चौरसिया ........... सदस्य
प्रोफेसर, कैमिकल इंजी० विभाग,
एम.एन.आई.टी., जे.एल.एन. मार्ग,
जयपुर।
10. डा० टी० सी० शामी ........... सदस्य
वैज्ञानिक-जी, अपर निदेशक(से०नि०),
डी.एम.एस.आर.डी.ई.,
कानपुर।
11. प्रो० संजय अग्रवाल ........... सदस्य
मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग
बी० आई० ई० टी०,
झाँसी।
12. प्रो० विक्रम सिंह यादव ........... सदस्य
प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग
बी० आई० ई० टी०,
झाँसी।
13. श्री कृपा शंकर सिंह ........... विशेष आमंत्री
संयुक्त सचिव
प्रा० शि० विभाग
उ०प्र० शासन,
लखनऊ।
14. प्रो० वी० के० त्यागी ........... सदस्य सचिव
निदेशक
बी०आई०ई०टी०
झाँसी।

<u>जो सदस्य उपस्थित न हो सके</u> :-

1. श्री संजीव मित्तल ........... सदस्य
अपर मुख्य सचिव
वित्त विभाग
उ० प्र० शासन,
लखनऊ।
2. प्रो० अभय करिन्दकर ........... सदस्य
निदेशक
आई०आई०टी०,
कानपुर।
3. प्रो० एच० डी० चरन ........... सदस्य
कुलपति

राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय
कोटा (राजस्थान)।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | श्री आर0 सी0 श्रीवास्तव<br>चीफ जनरल मैनेजर<br>परीक्षा थर्मल पावर प्रोजेक्ट<br>झाँसी। | ........... | सदस्य |
| 5. | डा0 अनिल कुमार<br>एस0पी0आई0यू0-यू0पी0/<br>टी0ई0क्यू0आई0पी0 III<br>(एम0एच0आर0डी0)<br>401/402, एकेडमिक ब्लाक<br>ए0 के0 टी0 यू0, जानकीपुरम<br>विस्तार<br>लखनऊ -226031 (उ0प्र0) | ........... | विशेष आमंत्री |

34.01 **<u>प्रशासकीय परिषद की दिनांक 29 सितम्बर, 2020 को सम्पन्न हुई 33वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।</u>**

परिषद ने विचारोपरान्त प्रशासकीय परिषद की दिनांक 28.09.2020 को सम्पन्न हुई 33 वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

34.02 **<u>प्रशासकीय परिषद की दिनांक 29 सितम्बर, 2020 को सम्पन्न हुई 33वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से परिषद को अवगत कराना।</u>**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 29.09.2020 को सम्पन्न हुई 33 वीं बैठक मे लिये गये निर्णयों की कृत कार्यवाही से परिषद अवगत हुई। परिषद द्वारा कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

34.03 **<u>संस्थान मे वर्तमान मे कराये जा रहे निर्माण कार्यों, भविष्य मे प्रस्तावित निर्माण कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद संस्थान मे वर्तमान मे कराये जा रहे निर्माण कार्यो तथा भविष्य मे कराये जाने वाले प्रस्तावित निर्माण कार्यो से अवगत हुई एवं संतोष व्यक्त किया।

34.04 **<u>विश्व बैंक सहायतित टीईक्यूआईपी-।।। से सम्बंधित प्रगति आख्या परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।</u>**

संस्थान मे चल रहे विश्व बैंक सहायतित टीईक्यूआईपी-।।। की प्रगति आख्या से अवगत हुई। परिषद ने विभिन्न मदों के सापेक्ष प्रस्तुत किये गये व्यय विवरण का अवलोकन किया। साथ ही टी0ई0क्यू0आई0पी0-।।। के अन्तर्गत प्रोक्योरमेंट मद मे प्रस्तुत किये गये निम्नलिखित पैकेज की क्रय कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया।

| S.N. | Package Code in PMSS | Item Name | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | TEQIP-III/2019/UP/biej/181 | Student_furniture | 1560000.00 |
| 2 | TEQIP-III/2020/UP/biej/189 | ME_Tribometer | 1100000.00 |
| 3 | TEQIP-III/2020/UP/biej/190 | ME_Variable_Compression_Ratio_Diesel_rig | 1500000.00 |
| | | **Total** | **41600000.00** |

34.05 **<u>ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का विवरण परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद संस्थान मे ऐ0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कराये गये/ कराये जा रहे कार्यों से अवगत हुई एवं संतोष व्यक्त किया।

34.06 **<u>संस्थान छात्रों का प्लेसमेन्ट बढ़ाये जाने सम्बंधी की जा रही कार्यवाही का विवरण परिषद के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद संस्थान के छात्रों के प्लेसमेन्ट को बढ़ाये जाने हेतु संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों से अवगत हुई एवं संस्थान द्वारा छात्रों के प्लेसमेन्ट हेतु किये जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।

34.07 **<u>संस्थान की प्रशासकीय परिषद द्वारा नामित किये जाने वाले प्रस्तावित सदस्यों की सूची परिषद के विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद ने **<u>Under Society Rules Clause No. 7(IX)</u>** : One eminent Technologist/Engineer having specialization in the field advent to the Institute to be nominated by the Board. के कम में निम्नलिखित सदस्य को तीन वर्ष के लिए परिषद का सदस्य नामित किया।

| कम सं. | नामित अवधि | प्रशासकीय परिषद हेतु नामित किये जाने वाले सदस्य का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 03 वर्ष हेतु | प्रो0 आर0 पी0 सिंह, पूर्व निदेशक एच0बी0टी0आई0, कानपुर 7/105E, विला-3, रतन कुँज, स्वरूप नगर, कानपुर-208002 |



VILL.

34.08 **संस्थान की प्रशासकीय परिषद हेतु अनुसूचित वर्ग एवं अनारक्षित वर्ग हेतु नामित सदस्यों से परिषद को अवगत कराना।**

परिषद संस्थान के बायलॉज तथा मेमोरेन्डम आफ एसोशिएशन के नियम 7(XV) एवं 7(XVI) मे प्राविधानित व्यवस्थानुसार अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुसूचित वर्ग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 03 वर्ष (अर्थात दिनांक 07.12.2020 से 06.12.2023 तक की अवधि) के लिये नामित किये गये सदस्यों से अवगत हुई, जो निम्नानुसार है :-

| सोसाइटी नियम | नामित सदस्य |
|---|---|
| 7(XV) | डा० टी० सी० शर्मा, वैज्ञानिक-जी, अपर निदेशक(से०नि०), डी.एम.एस.आर.डी.ई., कानपुर। |
| 7(XVI) | प्रो० एस.पी. चौरसिया, प्रोफेसर, कैमिकल इंजी० विभाग, एम.एन.आई.टी., जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर। |

34.09 **डा० आर० एन० वर्मा को कैरियर उन्नति योजना(कैश) के अन्तर्गत प्रोन्नति का लाभ अनुमन्य कराये जाने सम्बंधी प्रस्ताव परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद डा० आर० एन० वर्मा के कैरियर उन्नति योजना के अन्तर्गत प्रोन्नति का लाभ अनुमन्य कराये जाने सम्बंधी प्रस्ताव से अवगत हुई। तथा परिषद डा० आर० एन० वर्मा के विरुद्ध चल रही विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही के कम मे परिषद द्वारा दिये गये निर्देश के कम में जारी दण्डादेश कार्यालय-आदेश संख्या बीआईईटी-135/स्था०-का०आ०/2020-3079-3475 दिनांक 11.12.2020 से अवलोकित हुई।

प्रशासकीय परिषद की 33वीं बैठक मे हुए निर्णय के कम मे परिषद ने डा० आर० एन० वर्मा के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही पूर्ण होने की दशा मे इनके कैरियर उन्नति योजना (सीएएस) के अन्तर्गत स्कीनिंग सह-मूल्यांकन समिति एवं चयन समिति द्वारा प्रोन्नति का लाभ प्रदान किये जाने की संस्तुति जो प्रशासकीय परिषद की 26वीं बैठक के बिन्दु-26.10 पर परिषद द्वारा अनुमोदित थीं, का लाभ अनुमन्य किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

34.10 **श्री रामआशीष विश्वकर्मा की एस0एन0डी0 पद के विरूद्ध लिपिक के रूप में की गयी नियुक्ति को लिपिक के रिक्त पद पर समायोजित किये जाने का प्रस्ताव परिषद के विचारार्थ/ निर्णयार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने श्री राम आशीष विश्वकर्मा के प्रकरण पर निदेशक को अपने स्तर पर निर्णय लेकर आगामी प्रशासकीय परिषद की बैठक में अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

34.11 **संस्थान से सेवा निवृत्त/ कार्यमुक्त होने वाले कार्मिकों को आवासीय सुविधा अनुमन्य किये जाने के सम्बंध मे।**

परिषद द्वारा संस्थान से सेवा निवृत्त/ कार्यमुक्त होने वाले कार्मिकों को आवासीय सुविधा अनुमन्य किये जाने हेतु शासनादेश संख्या आर-457/32-2-2015-21/2001 दिनांक 20.01.2015 मे प्राविधानित व्यवस्थानुसार प्रभावी किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

34.12 **संस्थान के निदेशक पद पर चयन हेतु अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद द्वारा गठित स्क्रीनिंग एवं चयन समिति परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद द्वारा पत्र संख्या पत्र संख्या-बीआईईटी-011/शि0/अ0प्र0प-सा0प0/2020-74 दिनाँक 15.10.2020 एवं पत्रावली पर दिनाँक 07.12.2020 द्वारा गठित स्क्रीनिंग समिति तथा पत्र संख्या-बीआईईटी-120/स्था0-प्रा0शि0/2020-3506 दिनाँक 23.12.2020 द्वारा ए0आई0सी0टी0ई0, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 01.03.2019 में प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार गठित चयन समिति के स्वरुप का अवलोकन किया गया एवं उक्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

34.13 **<u>संस्थान के निदेशक पद पर चयन हेतु की जा रही चयन प्रकिया सम्बंधी कार्यवाही परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/ दिशा-निर्देशार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद संस्थान के निदेशक पद पर चयन हेतु की जा रही कार्यवाही से अवगत हुई तथा चयन समिति के स्वरूप के बिन्दु-4 से सम्बंधित चयन समिति के सदस्यों को नामित किया।

उक्त के कम में परिषद चयन समिति के स्वरुप के अन्य बिन्दुओं से सम्बन्धित तथा सक्षम स्तरों से नामित किये गये सदस्यों से अवगत हुयी जिसके कम में चयन समिति के सदस्य निम्नवत् है:-

| कम सं. | चयन समिति का स्वरूप | चयन समिति के स्वरुप अनुसार सक्षम स्तर से नामित किये गये सदस्यों का नाम |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष के रूप में शासी निकाय का अध्यक्ष। | इं० राकेश गुप्ता, अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद बी०आई०ई०टी०, झाँसी। |
| 2. | महाविद्यालय के शासी निकाय के दो सदस्य जिनका नामनिर्देशन अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा, जिनमें से एक अकादमिक प्रशासन में विशेषज्ञ होगा। | • मा० एस० राधा चौहान, अपर मुख्य सचिव प्राविधिक शिक्षा उ०प्र० शासन, लखनऊ।<br>• प्रो० अजीत के० चतुर्वेदी, निदेशक, आई०आई०टी० रुड़की, उत्तराखण्ड। |
| 3. | कुलपति का एक नामिति जो उच्च शिक्षा प्रबंधन में विशेषज्ञ होगा। | मा० विनय कुमार पाठक, कुलपति, डा० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। |
| 4. | तीन विशेषज्ञ, जिनमें महाविद्यालय का प्राचार्य/निदेशक, एक प्रोफेसर तथा सम्बंधित सम्बद्धक विश्वविद्यालय के प्रासंगिक सांविधिक निकाय द्वारा अनुमोदित छह विशेषज्ञों के पैनल में से प्रोफेसर के रैंक के अनिम्न एक सुस्थापित शिक्षाविद् (जिसका नामनिर्देशन महाविद्यालय के शासी निकाय द्वारा किया जायेगा) शामिल होगा। | • प्रो० एच०के० पालीवाल, निदेशक इस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, लखनऊ।<br>• प्रो० मनीन्द्र अग्रवाल, उपनिदेशक, आई०आई०टी०, कानपुर/ प्रोफेसर कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग, आई०आई०टी०, कानपुर।<br>• प्रो० फाल्गुनी गुप्ता, कुलपति, जी०एल०ए० विश्वविद्यालय, मथुरा/प्रोफेसर कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग, आई०आई०टी०, कानपुर। |
| 5. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग /अल्पसंख्यक/ महिला/दिव्यांगजन श्रेणी का प्रतिनिधित्व करने वाला शिक्षाविद् यदि इन श्रेणियों से सम्बंधित कोई उम्मीदवार आवेदक है, जिसका नामनिर्देशन सम्बद्धक विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा। | • प्रो० राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक, डा० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।<br>• प्रो० पदम कांत, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

तथा परिषद ने यथाशीघ्र चयन की कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया।

34.14 **<u>प्रशासकीय परिषद की विगत बैठकों के लम्बित प्रकरण परिषद के अवलोकनार्थ/ विचारार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद बिन्दु संख्या 26.10 पर डा० डी० सी० धुबकरिया व डा० यशपाल सिंह पर प्लेगरिजम के आरोप के आलोक में जाँच समिति द्वारा किये जा रहे विलम्ब से अवगत हुई। तथा प्रकरण पर आवश्यक कार्यवाही के लिये जाँच समिति की निश्चित समय सीमा में कार्यवाही करने को पत्र लिखने अन्यथा जाँच समिति बदलने की कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद बिन्दु संख्या 26.12, 26.13, 26.15, 26.17 एवं 27.04 पर की जा रही कार्यवाही से अवगत हुई। तथा यथाशीघ्र सम्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

34.15 **<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं स्वीकृति।</u>**

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त समाप्त हुई।

| | |
|---|---|
| 11/01/2021<br>(वी० के० त्यागी)<br>सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद<br>एवं<br>निदेशक, बीआईईटी, झाँसी। | (एस० राधा चौहान)<br>उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद<br>बीआईईटी, झाँसी<br>एवं<br>अपर मुख्य सचिव<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग<br>उ०प्र० शासन, लखनऊ |
| (इं० राकेश गुप्ता)<br>अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद<br>बीआईईटी, झाँसी। | |